पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

(राज्यपाल सूचना परिसर)

——————

राज्यपाल ने जनपद सीतापुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

——————

राज्यपाल ने सफेद चंदन का पौधरोपण कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

——————

ग्लोबल वार्मिंग से बचाव हेतु करें वृक्षारोपण

—————

वृक्षारोपण को उत्सव की तरह मनाए

——————

पेड़ लगाने के साथ–साथ उसे जीवित रखना व उचित देखभाल हो लक्ष्य

——————

आजादी के 100वें वर्ष में, शिक्षित बच्चों के उपर भविष्य की जिम्मेदारी

——————

आंगनवाड़ी के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए

——————

–राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 20 जुलाई, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंनदीबेन पटेल ने आज जनपद सीतापुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होने सफेद चन्दन का वृक्ष रोपित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि पूरे विश्व में हो रहे ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिये ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाये। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी ने हम सभी को माँ के नाम से पौधरोपण का एक अच्छा अवसर दिया है।

उन्होंने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम के अभियान से देश भर में करोड़ों पेड़ लगाए जा रहे हैं। उन्होंने वृक्षारोपण को एक उत्सव के रूप में मनाये जाने की बात करते हुए कहा कि पेड़ लगाए जाने के साथ साथ उन्हें जीवित रखना और उनकी उचित देखभाल हमारा लक्ष्य होना चाहिये।

राज्यपाल जी ने कहा कि हमारी पीढ़ी को यह सीखना पड़ेगा कि आने वाले समय में किस तरह उन्हें कार्य करना है व कैसे संस्कार देना है। उन्होंने कहा कि जहां–जहां पर वृक्षारोपण हो, वहां पर मां के नाम से गार्डेन बनना चाहिये ताकि उस महान मां की उपलब्धियों के विषय में शिक्षा प्रदान की जा सके।

उन्होंने कहा कि आजादी के 100वां वर्ष को मनाने की जिम्मेदारी आज के छोटे–छोटे बच्चों के ऊपर है। अभी से बच्चों को अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के प्रति शिक्षित करें।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा एवं गुणवत्ता के आधार पर शिक्षा प्रदान करनी चाहिये।

इस अवसर पर मा0 राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार, होमगाड्र्स नागरिक सुरक्षा, श्री धर्मवीर प्रजापति तथा मा0 राज्यमंत्री, वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 श्री कृष्णपाल मलिक द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, महिलाओं, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं, स्कूली छात्रों/छात्राओं तथा जन सामान्य की सहभागिता से पौधारोपण कराया गया। इस अवसर पर महामहिम महोदया ने सेक्रेट हार्ट डिग्री कालेज, सीतापुर की गजाला रईस, शाब्दी अग्रवाल, वरूनिका जायसवाल एवं सुमित्रा गर्ल्स इण्टर कालेज, सीतापुर की सुभिक्षा मिश्रा, श्रुति मिश्रा को फलदार पौध वितरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेना व पी0ए0सी0 बल की बैण्ड पार्टी को राज्यपाल महोदया द्वारा सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में राज्यपाल जी द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में 50 प्री–स्कूल किट का वितरण किया गया। प्रति प्री–स्कूल किट में ट्राई साइकिल, झूले वाले घोड़े, नम्बर्स, ए0बी0सी0डी0 चार्ट, फल, एनिमल्स, ब्लाक्स, पजेल्स बॉल, क्ले गोलियां

बनाने के लिये, रिंग्स, स्टोरी बुक्स, पंचतंत्र, एजुकेशनल मैप, वाइट बोर्ड स्टैण्डर्ड/मार्कर एवं डस्टर, टेबिल काईंडी शेप्ड चेयर्स आदि सामग्रियां शामिल थी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक श्री चक्रेश मिश्रा, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण सहित वन विभाग के अधिकारी व संबंधित उपस्थित रहे।

कृष्ण कुमार-सूचना अधिकारी
डॉ0 संगीता चौधरी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र-9454468250

'एक पेड़ माँ के नाम'

'एक पेड़ माँ के नाम'

'एक पेड़ माँ के नाम'

'एक पेड़ माँ के नाम'

'एक पेड़ माँ के नाम'